सुविचार
जो मन पूर्वाग्रह तथा द्वंद्व से मुक्त है, वही देख सकता है कि सत्य क्या है।
-जे. कृष्णमूर्ति

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ●Saturday, 25 April 2026 ●Year : 05 ●Issue : 100 ●Ranchi Edition ●Page : 12 ●Price : ₹3 ●www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Sree leela's Film Still In Early Phase
12

राघव चड्ढा सहित 'आप' के 7 सांसदों ने छोड़ी पार्टी, भाजपा में जाने की घोषणा

AGENCY NEW DELHI : पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा के सात सदस्यों ने अपने दल की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने का फैसला किया है। पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल एवं संदीप पाठक ने शुक्रवार को संविधान क्लब में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। चड्ढा ने कहा, राज्यसभा में 'आप' के 10 सांसद हैं, उनमें से दो तिहाई से ज्यादा हमारे साथ हैं। उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं और सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्र और दस्तावेज सौंप दिए। उनमें से 3 यहां आपके सामने हैं। हमारे अलावा हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल हैं। राघव चड्ढा ने कहा, 'आप' जिसे मैंने

अपने खून-पसीने से सींचा और अपनी जवानी के 15 साल दिए, अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और बुनियादी नैतिकताओं से भटक गई है। अब यह पार्टी देश के हित में नहीं, बल्कि अपने निजी फायदे के लिए काम करती है। पिछले कुछ सालों से, मुझे यह महसूस हो रहा था कि मैं गलत पार्टी में सही आदमी हूं। संसद के उच्च सदन में आम आदमी पार्टी के उपनेता रहे चड्ढा ने कहा, हमने फैसला किया है कि हम राज्यसभा में पार्टी के दो तिहाई सदस्य भारत के संविधान के प्रावधानों का पालन करेंगे और (एक पार्टी के रूप में) खुद को भाजपा में विलय करेंगे।

ट्रेजरी घोटाला : सीआईडी की नौ सदस्यीय टीम ने शुरू की जांच

आईजी पंकज कंबोज की अध्यक्षता में बनाई गई है विशेष जांच टीम

वेतन समेत कई मदों में अवैध निकासी के पूरे नेटवर्क को किया जाएगा उजागर

PHOTON NEWS RANCHI : प्रदेश में ट्रेजरी घोटाले को लेकर अब जांच ने गति पकड़ ली है। सरकार की अनुमति के बाद झारखंड क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्मेंट (सीआईडी) ने इस पूरे मामले को टेकअप कर लिया है। गौरतलब है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी पंकज कंबोज की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। टीम ने विधिवत तरीके से जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जांच दल की ओर से जानकारी दी गई है। बताया गया है कि यह जांच ट्रेजरी से वेतन समेत कई मद में हुई अवैध निकासी के पूरे नेटवर्क को उजागर करने पर केंद्रित होगी।

उच्च स्तरीय समिति का दस्तावेज मांगने पर जोर

वेतन मद से फर्जी निकासी के मामले में जांच तेज करते हुए उच्च स्तरीय समिति ने दस्तावेजों की मांग पर जोर दिया है। शुक्रवार को वरीय आईएएस अधिकारी अमिताभ कौशल की अध्यक्षता में गठित समिति ने हजारीबाग जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और कोषागार पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर पूरे मामले की समीक्षा की। समिति ने पुलिस विभाग द्वारा जारी वेतन मद की राशि और उसकी निकासी से जुड़े सभी आवश्यक कागजात तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उप-महालेखाकार को भी जरूरी दस्तावेज तैयार रखने को कहा गया है, ताकि अध्ययन के बाद समय पर फील्ड विजिट की जा सके। समिति में वर्ष 2011 से 2026 तक यानी 15 सालों के कागजात मांगें हैं।

कई आरोपियों को भेजा जा चुका है जेल

बता दें कि इस घोटाले की परतें उस वक्त खुलनी शुरू हुईं, जब बोकारो और हजारीबाग जिलों में ट्रेजरी से संदिग्ध निकासी के मामले सामने आए। जांच में पाया गया कि वेतन मद के नाम पर फर्जी तरीके से पैसे निकाले गए। इस खुलासे के बाद वित्त विभाग और संबंधित ट्रेजरी कार्यालयों में हड़कंप मच गया था। विभागीय स्तर पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कई अधिकारियों और कर्मचारियों को चिह्नित किया गया। कुछ को निलंबित किया गया, जबकि कई के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। कई आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। साथ ही ट्रेजरी सिस्टम में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ी रोकने के लिए निगरानी भी बढ़ाई गई है।

शुरूआती संकेतों में बड़े स्तर पर वित्तीय गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। खास बात यह कि वित्त विभाग के स्तर से आईएएस अमिताभ कौशल की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमेटी भी मामले की जांच कर रही है। अब सीईडी की एसआईटी इस मामले की तह तक जाकर यह पता लगाएगी कि इस घोटाले में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके साथ पैसे की निकासी किस प्रक्रिया के तहत हुई और इसमें किस स्तर तक मिलीभगत रही।

SHARE		
संसेक्स	:	76,664.21
निफ्टी	:	23,897.95

SARAFA		
सोना	:	14,170
चांदी	:	265.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष ने रास में दिया नया नोटिस

NEW DELHI : शुक्रवार को विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के संदर्भ में राज्यसभा को नया नोटिस सौंपा और उन पर सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता सहित कई आरोप लगाए। संसद के उच्च सदन के 73 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को दिया गया है। विपक्ष ने इससे पहले संसद के दोनों सदनों में कुमार के खिलाफ नोटिस दिया था, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया था।

सीजेआई ने पश्चिम बंगाल में भारी मतदान होने पर जताई संतुष्टि

NEW DELHI : पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 92 फीसद से ज्यादा मतदान होने पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि भारत का एक नागरिक होने के नाते मैं वोटिंग प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं। जब लोग वोट डालते हैं, तो लोकतंत्र मजबूत होता है। जब लोग अपने वोट की अहमियत समझने लगते हैं, तो वो हिंसा में शामिल नहीं होते। जस्टिस बागची ने भी कहा कि हिंसा की कोई बड़ी घटना भी नहीं हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 92 फीसद मतदान ऐतिहासिक है। कुछ चुनिंदा घटनाओं को छोड़ दिया जाए, तो चुनाव शांतिपूर्ण ही रहा है। केंद्रीय बलों ने भी शानदार काम किया है।

हथियारबंद अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर बैंक के कर्मचारी से खुलवाया लॉकर

हजारीबाग में बैंक से तीन किलो सोना व चार लाख कैश की लूट

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की बरही शाखा में शाम 4 बजे दिया घटना को अंजाम

शाखा प्रबंधक अजय राम को भी अपराधियों ने मारपीट कर किया घायल

PHOTON NEWS HAZARIBAG : हजारीबाग जिला स्थित बरही में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में शुक्रवार को करीब तीन किलो सोना और लगभग 4 लाख रुपये नकद की लूट हो गई। बताया जाता है कि अपराधियों ने लॉकर लूट लिए। घटना को शाम चार बजे अंजाम दिया गया है। एसपी अमन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि अपराधी बैंक से करीब 3 किलो सोना और चार लाख कैश ले गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बैंक में चार अपराधी घुसे थे। चारों ने अपने चेहरे को छिपा लिया था। एक ने हेलमेट पहन रखा था, एक मास्क में था और अन्य दो ने गमछे से चेहरा ढंका था। सभी के हाथों में देसी पिस्टल थे। बैंक में घुसते ही उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट की और उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद कर्मचारियों को डराकर लॉकर खुलवाया और उसमें रखा सारा सोना निकाल लिया। इसके साथ ही काउंटर से नकद राशि भी समेट ली। लूट के बाद अपराधियों ने बैंक को बाहर से बंद कर दिया, ताकि तुरंत कोई उनका पीछा न कर सके और आराम से फरार हो गए। घटना के बाद बैंककर्मियों ने किसी तरह बाहर निकलकर पुलिस को सूचना दी।

बताया जा रहा है कि संबंधित बैंक शाखा करीब 7-8 माह पहले ही शुरू हुई थी। इतनी बड़ी वारदात का इतने कम समय में हो जाना बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

- बैंक में घुसे चारों अपराधियों ने छिपा रखा था अपना चेहरा, सबके हाथ में था देसी पिस्टल
- लूट के बाद अपराधियों ने बैंक को बाहर से कर दिया बंद, फिर हो गए फरार
- पुलिस बोली- जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को किया जाएगा गिरफ्तार

तुरंत मौके पर पहुंचे डीएसपी अजीत कुमार विमल

सूचना मिलते ही बरही के डीएसपी अजीत कुमार विमल और थाना प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

बाइक से आए थे अपराधी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चारों अपराधी दो बाइक से बैंक तक पहुंचे थे। वे ग्राहक बनकर अंदर घुसे और पहले खाता खुलवाने की बात कही। इसके बाद कर्मचारियों के साथ मारपीट करने लगे। शाखा प्रबंधक अजय राम को भी अपराधियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

अंदरूनी जानकारी पर शक

बैंक अधिकारियों व पुलिस को इस बात से हैरानी है कि अपराधियों को अंदरुनी जानकारी कैसे हुई। वे जिस तरह से अंदर घुसते ही लॉकर तक पहुंचे, उससे सभी को आश्चर्य हो रहा है। इससे यह शक भी गहरा रहा है कि बैंक का ही कोई स्टाफ अपराधियों से मिला तो नहीं था।

मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह-सह-मुखिया सम्मेलन में शामिल हुए सीएम

गांवों के विकास के लिए नहीं होने दी जाएगी पैसों की कमी : हेमंत

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का समग्र विकास गांवों के विकास पर निर्भर है और सरकार गांवों को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। गांव के विकास में पैसों की कमी नहीं होने दी जाएगी। वे शुक्रवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह- सह-मुखिया सम्मेलन 2026 (दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल) को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री और अतिथियों ने राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित उत्कृष्ट ग्राम पंचायत, श्रेष्ठ ग्रामसभा, स्वच्छ एवं स्वस्थ पंचायत समिति और जिला परिषद श्रेणी के विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के सबसे करीब होते हैं और उनकी कार्यकुशलता से ही विकास की दिशा तय होती है। गांव राज्य की जड़ हैं, जब जड़ मजबूत होगी, तभी पूरा तंत्र मजबूत होगा। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मुख्य लक्ष्य है और इसके लिए पंचायत स्तर पर लगातार शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना को परिवर्तनकारी पहल बताते हुए कहा कि इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और बेहतर काम करने वालों को पहचान मिलेगी। करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पंचायतों के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है, लेकिन उपलब्ध बजट का सही उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए विभाग को स्पष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था, जब लोग राशन कार्ड लेकर भटकते थे, लेकिन बीते वर्षों में व्यवस्था में सुधार हुआ है और आज राज्य में भूख से मौत की स्थिति नहीं है।

- सरकार गांवों को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार कर रही काम
- सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मुख्य लक्ष्य
- पंचायत प्रोत्साहन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

पंचायतों को हजारों करोड़ की दी जा रही सहायता : दीपिका

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पंचायतों को बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के लिए राशि दी गई है। 15वें वित्त आयोग के तहत टाइड फंड में 412 करोड़ रुपये और अनटाइड फंड में 555 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। जल्द ही टाइड फंड में 410 करोड़ रुपये और अनटाइड फंड में 272 करोड़ रुपये और जारी किए जाएंगे। इसके अलावा राज्य वित्त आयोग से भी करीब 600 करोड़ रुपये पंचायतों को मिलने जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि यह राशि गांवों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि अब मुखियाओं के पास योजनाओं को जमीन पर उतारने का सुनहरा अवसर है।

29 साल पुराने अलकतरा घोटाले में चार दोषियों को 3-3 साल की सजा

- सीबीआई की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला
- साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपियों को किया गया बरी

PHOTON NEWS RANCHI : करीब तीन दशक पुराने बहुचर्चित अलकतरा घोटाला से जुड़ा फैसला अब आया है। साल 1997 से जुड़े इस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने चार अभियुक्तों को दोषी करार दिया और तीन-तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही सभी दोषियों पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। ट्रांसपोर्टर विनय कुमार सिन्हा, राजकुमार राय, आशीष मैती और रंजन प्रधान को सजा सुनाई गई है। साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपियों- एसके दास, एसएम औरंगजेब और एनसी प्रसाद को बरी कर दिया गया है। ट्रायल के दौरान दो आरोपियों- मो. इसहाक और भरत प्रसाद गुप्ता की मौत हो चुकी है। सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक खुशबू जायसवाल ने पक्ष रखा। अभियोजन ने मामले को साबित करने के लिए 35 गवाहों की गवाही और दस्तावेजी साक्ष्य अदालत में पेश किए।

रांची के जगन्नाथ मंदिर में गार्ड की हत्या खुली मिली दानपेटी, सभी अपराधी अरेस्ट

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में गुरुवार की देर वहां तैनात गार्ड की अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी। मृतक की पहचान बिरसा मुंडा के रूप में हुई है, जो मंदिर में सुरक्षा गार्ड के रूप में लंबे समय से कार्यरत था। मौके पर दानपेटी खुली मिली। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा करेगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे परिसर को घेरकर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह जब श्रद्धालु पूजा करने मंदिर पहुंचे, तब उन्होंने परिसर में गार्ड का शव पड़ा देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। रांची एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि गार्ड मंदिर में सो रहा था। उसी बीच अज्ञात चोर मंदिर में घुसे और गार्ड की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद चोर ने मंदिर में रखी दानपेटी का ताला तोड़ा और उसमें रखे पैसे लेकर भाग गए।

सीसीटीवी फुटेज से पुलिस के हत्थे चढ़े अपराधी

उपलब्धि

रोजगार, बुनियादी ढांचे के विकास और वित्तीय समावेशन में हुई वृद्धि

अर्थव्यवस्था को नई ताकत दे रही बैंकिंग सेक्टर की मजबूती

PHOTON NEWS, RESEARCH DESK : अर्थशास्त्रियों के अनुसार, किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में बैंकिंग सेक्टर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बैंकिंग सेक्टर की कमजोरी या विसंगति पूरी व्यवस्था पर नकारात्मक असर डालती है। मूलभूत रूप से यह सेक्टर पूंजी निर्माण, आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए बैकबोन के रूप में कार्य करता है। बैंकिंग प्रणाली लोगों की बचत को सुरक्षित जमा के रूप में स्वीकार कर उसे व्यवसायों और उद्योगों को लोन यानी कर्ज के माध्यम से उत्पादक निवेश में बदलती है। इससे रोजगार, बुनियादी ढांचा विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और इंडियन बैंक एसोसिएशन के हालिया सर्वे में यह जानकारी दी गई है कि भारत का बैंकिंग सेक्टर फिलहाल मजबूत स्थिति में है। यह मजबूती अर्थव्यवस्था को नई ताकत दे रही है। सर्वे जनवरी से फरवरी 2026 के बीच किया गया था। इसमें 24 बैंकों ने हिस्सा लिया था। सर्वे की रिपोर्ट में बताया गया है कि पहले की अपेक्षा बैंकों की हालत बेहतर हो रही है और आगे भी इसमें सुधार जारी रहने की उम्मीद है। इस मजबूती का कारण अच्छी एसेट क्वालिटी (कम खराब लोन), मजबूत पूंजी, और रिटेल व छोटे कारोबार में बढ़ती कर्ज की मांग है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि आने वाले समय में बैंकिंग सेक्टर के ग्रोथ को लेकर माहौल सकारात्मक है। इसकी वजह मजबूत बैलेंस शीट और अर्थव्यवस्था में स्थिर गतिविधियां भी हैं।

लोन की डिमांड में बढ़ोतरी, एसेट क्वालिटी और क्रेडिट मांग से मिल रहा सपोर्ट

- » व्यवस्थित तरीके से पूरी की जा रही रिटेल व छोटे कारोबार में कर्ज की जरूरत
- » फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन के हालिया सर्वे में विस्तार से दी गई है जानकारी
- » आने वाले समय में बैंकिंग सेक्टर ग्रोथ को लेकर सकारात्मक माहौल का मिल रहा संकेत
- » सशक्त बैलेंस शीट और इकोनॉमी में स्थिर गतिविधियों का भी मिल रहा बड़ा सहारा

- फिलहाल संतुलित है मौजूदा मौद्रिक नीति, बड़े बदलाव की संभावना बहुत कम

बढी सरकारी बैंकों की रुचि

सर्वे में यह जानकारी दी गई है कि मौजूदा मौद्रिक नीति (ब्याज दर से जुड़ी नीति) फिलहाल संतुलित है और इसमें बड़ा बदलाव होने की संभावना बहुत कम है। हालांकि कुछ सहकारी बैंकों ने ब्याज दर में हल्की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। बैंकों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में कर्ज की मांग बढ़ती रहेगी, खासकर रिटेल और छोटे-मध्यम उद्योगों से। सरकारी बैंक भविष्य को लेकर ज्यादा भरोसेमंद नजर आ रहे हैं, क्योंकि उनकी एसेट क्वालिटी सुधरी है और कॉरपोरेट लोन में रुचि बढ़ रही है।

उद्योगों को सरकार का सपोर्ट

रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि निजी बैंक थोड़ा सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि विदेशी बैंक कॉरपोरेट सेक्टर में निवेश को लेकर संतुलित रुख अपना रहे हैं। सर्वे में करीब 46% लोगों का मानना है कि इस साल नॉन-फूड क्रेडिट ग्रोथ 11% से 13% के बीच रह सकता है। रिटेल लोन भी बैंकिंग सेक्टर के लिए एक मजबूत सहारा बना रहेगा। छोटे और मझोले उद्योगों के लिए लोन की मांग भी तेज रहने की उम्मीद है, क्योंकि इस सेक्टर में व्यापार बढ़ रहा है और सरकार का भी इसे सपोर्ट मिल रहा है।

ट्रंप के पास जंग जारी रखने के लिए बचे सिर्फ छह दिन

WASHINGTON : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास ईरान से जंग जारी रखने के लिए सिर्फ छह दिन बचे हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिनों में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है। यहां भी ट्रंप ने खेल किया। युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया। अब एक मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप संसद का सामना नहीं करना चाहते हैं। 100 सदस्यों वाली सीनेट में ट्रंप के 53 सांसद हैं, जबकि विपक्षी कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 47 सदस्य हैं। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के ही लगभग 10 सांसद ईरान युद्ध के विरोध में आवाज उठा चुके हैं, जबकि विपक्षी डेमोक्रेट एकजुट रहने वाले हैं।

पेयजल घोटाले के अभियुक्त के साथ मारपीट की होगी सीबीआई जांच

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की राज्य सरकार की याचिका

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पेयजल घोटाले के अभियुक्त संतोष कुमार के साथ हुई मारपीट के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिका पर सुनवाई जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ में हुई। इससे पहले इस मामले की सुनवाई की तिथि 13 अप्रैल को निर्धारित थी। लेकिन, राज्य सरकार के अनुरोध पर कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी थी। गौरतलब है कि पेयजल घोटाले के अभियुक्त संतोष कुमार ने एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) के अधिकारियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एयरपोर्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने ईडी के कार्यालय को घेरकर जांच शुरू की थी। ईडी की ओर से घोटाले के अभियुक्त द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद सीबीआई को संतोष कुमार द्वारा दर्ज प्राथमिकी की जांच करने का आदेश दिया था।

धनबाद में आधी रात को जमींदोज हो गए कई घर, चीख-पुकार से दहल उठे लोग

कतरास के सोनारडीह में 21 से ज्यादा घर हुए ध्वस्त, परिवारों को बेलगड़िया किया जा रहा शिफ्ट

PHOTON NEWS DHANBAD: धनबाद स्थित सोनारडीह (कतरास) के टंडाबारी में गुरुवार की देर रात प्रकृति और खनन के गठजोड़ ने ऐसा खौफनाक मंजर दिखाया, जिसे देख रूह कांप उठी। धरती फटने से देखते ही देखते आधी बस्ती जमींदोज हो गई। अचानक हुए भू-धंसान के कारण पूरी की पूरी बस्ती करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में समा गई। पूर्व प्रमुख मीनाक्षी रानी गुड़िया के घर सहित दर्जनों घरों का नामोनिशान मिट गया। आधी रात के सन्नाटे के बीच धरती के फटने की आवाज ने लोगों को इस कदर डरा दिया कि लोग गहरी नींद से जागकर अपने मासूम बच्चों को कलेजे से चिपकाकर नंगे पैर जान बचाकर भागने लगे।

भू-धंसान से क्षतिग्रस्त मकान

बताया जाता है कि देर रात जब लोग अपने घरों में सो रहे थे, तभी अचानक जमीन हिलने लगी और देखते ही देखते पक्के मकान ताश के पत्तों की तरह ढहकर पाताल में समाने लगे। अचानक आई इस आपदा और भागदौड़ के दौरान कई लोग मलबे की चपेट में आने व गिरने से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया है। एक घर के भीतर खड़ी कार भी मलबे के साथ जमीन के भीतर धंस गई। जान बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे लोगों की चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। अपना सब कुछ खो चुके परिवारों का कहना है कि उन्होंने जीवन भर की कमाई से ये घर बनाए थे, लेकिन सिस्टम की लापरवाही ने एक पल में मिट्टी में मिला दिया।

जिला पुलिस और सीआईएसएफ तैनात : तनावपूर्ण स्थिति और लोगों के भारी आक्रोश को देखते हुए घटनास्थल पर जिला पुलिस और सीआईएसएफ की टीम तैनात कर दी गई है। पुलिस उग्र ग्रामीणों को समझाने और यातायात सुचारू करने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि, प्रभावित परिवारों ने दोटूक कह दिया है कि जब तक सुरक्षित पुनर्वास और उचित मुआवजे का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, वे पीछे नहीं हटेंगे। पूरे क्षेत्र में इस वक्त मातमी सन्नाटा और भारी दहशत का माहौल है।

एनएच-32 कर दिया जाम, फूटा गुस्सा

घटना के बाद विस्थापित और प्रभावित लोगों का आक्रोश बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को सुरक्षा और पुनर्वास की मांग को लेकर एनएच-32 को पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क पर धरने पर बैठे ग्रामीणों का आरोप है कि बीसीसीएल की अनदेखी के कारण आज दर्जनों परिवार सड़क पर आ गए हैं। बताया जाता है कि प्रशासन को पूर्व में भी धंसान की चेतावनी दी गई थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर मां व उसके दो बच्चों की मौत

घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त स्कूटी व ट्रक

LOHARDAGA : कुडू-रांची मुख्य पथ (एनएच-39) पर लोहरदगा थाना क्षेत्र के ढुलुवाखुंटा के पास ट्रक और स्कूटी के बीच हुई टक्कर में दो की मौके पर मौत हो गई है। जबकि एक महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना में कुल चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। बताया जाता है कि 407 वाहन में सरकारी शराब लोड था। यह रांची से कुडू की ओर आ रहा था। इसी बीच वाहन कुडू की ओर से रांची की तरफ जा रही स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई है। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसे इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई। मृतकों में मां तथा उसके दो पुत्र हैं। जबकि, चार लोग घायल हैं। घटना के बाद दो घंटे तक हाइवे जाम रहा। काफी समझा-बुझाकर पुलिस ने सड़क जाम हटाया। घटना में तीन वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसमें शराब लदा मालवाहक वाहन, स्कूटी व एक कार शामिल हैं।

BRIEF NEWS

रोड जाम मामले के सभी आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

DEOGHAR : देवघर जिले के बहुचर्चित रिखिया थाना कांड में जिला न्यायालय ने शुक्रवार को 2019 में रोड जाम मामले के सभी 19 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया। इस फैसले के साथ लंबे समय से चल रहे इस मामले का पटाक्षेप हो गया। यह मामला लोकसभा चुनाव से जुड़ा है, जिसमें बैजनाथपुर चौक पर ईवीएम से भरे एक ट्रक को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि इस दौरान वाहन को रोकने, लूटपाट करने और नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं हुई थीं। हालांकि, अदालत में सुनवाई के दौरान यह साबित नहीं हो सका कि किसी वाहन की लूट हुई थी या उसे कोई क्षति पहुंचाई गई थी।

गड्ढे में गिरी बकरी लदी पिकअप वैन, एक घायल

PALAMU : पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईडीह गांव में शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे बकरी लदा एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। इस हादसे में वाहन पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य सवारों को हल्की चोटें आई हैं। घायल की पहचान गोसाईडीह निवासी सुंदर यादव के 30 वर्षीय पुत्र प्रभु यादव के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि प्रभु यादव सुबह अपने गांव से पिकअप पर बकरी लादकर बेचने के लिए संडा गांव जा रहा था। इसी दौरान घर से करीब आधा किलोमीटर दूर वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन घायल को छतरपुर के अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज-अस्पताल (एमएमसीएच) रेफर कर दिया। एमएमसीएच में इलाज के बावजूद उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

करोड़ों की जमीन बेचने में कोडरमा की महिला गिरफ्तार

KODERMA : जमीन फजीर्वाड़े के एक बड़े मामले में राजस्थान पुलिस ने कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र से एक महिला को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को राजस्थान के चुरू जिले के राजगढ़ थाने की पुलिस टीम तिलैया पहुंची और अड्डी बांग्ला निवासी संगीता देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए तिलैया थाना ले आयी। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। मामले के संबंध में राजगढ़ थाने के एसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि संगीता देवी, महावीर राजगढ़िया की पत्नी हैं और उन पर आरोप है कि उन्होंने चुरू जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपए की जमीन को फर्जी कागजात के आधार पर बेहद कम कीमत पर बेच दिया। इस मामले में राजगढ़ के वार्ड पार्षद महेंद्र जनोंदिया को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले की शुरूआत अक्टूबर 2022 में हुई, जब राजगढ़ निवासी राजेश कुमार ने जमीन फजीर्वाड़े की शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि 1337.67 वर्ग फीट के एक प्लॉट, जिसकी वास्तविक कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए थी, को गलत दस्तावेजों के जरिए बेचा गया। तफ्तीश के दौरान यह खुलासा हुआ कि महेंद्र जनोंदिया और मनोज कुमार ने मिलकर जमीन के असली मालिक की पहचान खोजी और पता लगाया कि यह संपत्ति मंगलचंद धनोदिया के परिवार से जुड़ी है। परिवार में केवल संगीता नाम की एक महिला के जीवित होने की जानकारी मिली, जिसके पति का नाम महावीर है। इसके बाद दोनों ने ऐसी महिला की तलाश शुरू की, जिसका नाम संगीता हो और पति का नाम महावीर हो। इसी क्रम में वर्ष 2022 में संगीता देवी राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थस्थल सालासर धाम दर्शन के लिए गई थी, जहां उसकी मुलाकात मनोज से हुई। बातचीत में जैसे ही संगीता ने अपना और अपने पति का नाम बताया, मनोज और उसके सहयोगियों ने इस महिला का उपयोग कर फजीर्वाड़े की योजना बना ली। इसके बाद संगीता को लालच देकर एक फर्जी वंशावली तैयार की गई, जिसमें उन्हें मंगलचंद की विधवा बहू दिखाया गया। फिर पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से जमीन मनोज के नाम कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मनोज ने इस काम के लिए संगीता को 11 लाख रुपये दिए, जबकि संगीता का दावा है कि उसे मात्र 11 हजार रुपये ही मिले। जांच में यह भी सामने आया कि मनोज ने बाद में यह जमीन राजेश कुमार को बेच दी। जब राजेश इस जमीन को आगे बेचने गए, तब निबंधन कार्यालय में फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। इसके बाद राजेश ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच में एक और बड़ा खुलासा यह हुआ कि संगीता देवी पहले भी वर्ष 2015 में इसी तरह के एक मामले में शामिल रही हैं, जिसमें करीब एक करोड़ रुपये की जमीन फर्जी तरीके से बेची गई थी। उस मामले में भी उनके खिलाफ केस दर्ज है और मामला फिलहाल हाई कोर्ट में लंबित है।

सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर

HAZARIBAG : हजारीबाग जिला अंतर्गत बरकट्ठा थाना क्षेत्र के सकरेज फोरलेन पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गयपहाड़ी निवासी चंद्रशेखर आजाद (पिता-गुलाबचंद महतो) के रूप में हुई है। वह चतरा जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोकी में प्रधानाध्यापक थे। जानकारी के अनुसार, चंद्रशेखर आजाद रोज की तरह शुक्रवार को सुबह में बाइक से स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान सकरेज फोरलेन पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शिक्षक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही बरकट्ठा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है और ट्रेलर के चालक की तलाश में जुट गई है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

चंद्रशेखर आजाद

कुडू में भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रोड जाम, पुलिस-प्रशासन के समझाने के बाद माने

PHOTON NEWS LOHARDAGA : लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ढुलुवा खूंटा के पास एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में किशोर भगत (32), उसकी मां बिशुन भगताइन (53) और किशोर का चचेरा भाई निरंजन उरांव (26) शामिल हैं। सभी कुडू थाना क्षेत्र के रोनिहा कोलसिमरी निवासी थे। बताया जाता है कि कुडू थाना क्षेत्र के रोनिहा कोलसिमरी निवासी किशोर भगत, बिशुन भगताइन और निरंजन उरांव कुडू से रांची के मांडर स्थित अस्पताल जा रहे थे। यहां वे अस्पताल में भर्ती अपने एक रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान रांची की ओर से आ रहे 407 ट्रक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किशोर भगत और निरंजन उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बिशुन भगताइन ने लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। ट्रक में अंग्रेजी शराब लदी हुई थी और वह रांची से डाल्टनगंज की ओर जा रहा था। ट्रक में सवार बिनत मुंडा, विकास मिंज और सिंकू राम को चोट आई है। तीनों रांची के गांधीनगर कांके रोड के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

कुडू में दुर्घटनाग्रस्त वाहन

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए रोड जाम कर दिया था।

सूचना मिलते ही कुडू के सीओ संतोष उरांव और थाना प्रभारी अजीत कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। प्रशासन द्वारा मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए तत्काल सहायता राशि प्रदान की गई और अन्य सरकारी सहायता जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। लगभग एक घंटे बाद जाम हटाया गया।

पुरुष करते थे डकैती, महिलाएं छिपाती थीं गहने, सात किए गए गिरफ्तार

रजरप्पा डकैती कांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए झारखंड और बिहार के कई ठिकानों पर हुई थी छापेमारी

PHOTON NEWS RAMGARH : पुलिस को चकमा देने के लिए अपराधी गिरोह तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। हालांकि लगातार प्रयासों से पुलिस अपराधियों को पकड़ने में सफल हो जाती है। इसी कड़ी में रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर बाजार की जेवर दुकान में 21 अप्रैल को हुई डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस गिरोह में शामिल दो महिलाओं सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दुकान से लूटे गए 180 पीस से अधिक जेवर भी बरामद कर लिए हैं। शुक्रवार को एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने प्रेसवार्ता में बताया कि डकैती कांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए झारखंड और बिहार के कई ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी में कुजू ओपी के बरकट्ठी गांव निवासी सुभानी अंसारी उर्फ ललका, बिहार के नालंदा जिला के मनीष कुमार, उसकी पत्नी रीना देवी, नूरसराय थाने के गणपुरा गांव निवासी चंद्रावती देवी, रांची जिले के पंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसल निवासी आनंद कुमार, न्यू विधानसभा थाना क्षेत्र के मुड़मा निवासी अरबाज अंसारी और दीपा टोली निवासी नसरुल्लाह अंसारी उर्फ राजा को पकड़ा गया है।

गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

गिरोह के सुभानी का है आपराधिक इतिहास, 15 मामले हैं दर्ज : एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सुभानी अंसारी उर्फ ललका का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ कुजू, मांडू, रजरप्पा, पेटरवार के अलावा जमशेदपुर रेल थाने में भी प्राथमिकी पहले से दर्ज है। उसके खिलाफ अभी तक कुल 15 मामले थाने और कोर्ट में चल रहे हैं।

लूटे गए जेवर को छिपाकर रखती थीं महिलाएं : रामगढ़ में डाका डालने पहुंचा गिरोह काफी शातिर था। इस गिरोह की महिला सदस्य लूटे गए जेवर को छिपाने का काम करती थीं। रामगढ़ में डकैती करने के बाद गिरोह के कई सदस्य फरार हो गए थे। उन लोगों ने सभी जेवर चंद्रावती देवी और रीना देवी के हाथों में थमा दिया था। पुलिस ने जमीन में गाड़े हुए जेवर भी बरामद कर लिए हैं।

शादी समारोह में जा रहे युवक की गोली मारकर की हत्या

DEOGHAR : देवघर जिले में गुरुवार को देर रात मोहनपुर थाना क्षेत्र के जयपुर मोड़ के पास अज्ञात हमलावरों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजन कुमार लाल (26) के रूप में की गई। वह रिखिया थाना क्षेत्र के बिहाई गांव का रहने वाला था। वह गुरुवार को शाम करीब 5.30 बजे घर से बहन के यहां शादी समारोह में जाने की बात कहकर निकला था। देर रात करीब 11 बजे परिवार को सूचना मिली कि उसे गोली मार दी गई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। चश्मदीदों के मुताबिक, राजन अपने साले राहुल कुमार और अन्य लोगों के साथ शादी समारोह में जा रहा था। रास्ते में जयपुर मोड़ के पास चाय पीने के लिए रुकने के दौरान एक अज्ञात वाहन से पहुंचे हमलावरों ने बिना किसी विवाद के सीधे उसके सीने में गोली दाग दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल राजन को तुरंत देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि हमलावर घटना के बाद अपनी पिस्टल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए थे। घटनास्थल से हथियार बरामद होने के बाद पुलिस को जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। मृतक के पिता दिनेश लाल ने मोहनपुर थाना में आवेदन देकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के अनुसार, आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी समेत अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

प्रशासन 70 परीक्षा केंद्रों पर झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 कल, 23 हजार 634 अभ्यर्थी होंगे शामिल, आईआरआईएस अटेंडेंस सिस्टम से होगी जांच

आंख की पुतली से होगी परीक्षार्थियों की पहचान

PHOTON NEWS DHANBAD : जिले के 70 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 होगी, जिसमें 23 हजार 634 परीक्षार्थी शामिल होंगे। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन तथा एसएसपी प्रभात कुमार की उपस्थिति में न्यू टाउन हॉल में सभी स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दंडाधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट तथा पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। किसी भी परीक्षा केंद्र के आसपास भीड़ नहीं होनी चाहिए। सभी दंडाधिकारियों को उनके साथ टैग पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय बनाने, परीक्षा के दौरान कोई समस्या आने पर वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने, परीक्षा केंद्र पर कोई अव्यवस्था उत्पन्न न होने देने, अपने दायित्व का अच्छे से निर्वहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि यह महत्वपूर्ण परीक्षा है। कोई कोताही नहीं बरतें। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश एवं निकास के लिए सिंगल गेट सिस्टम की व्यवस्था रहेगी। इस बार आईआरआईएस अटेंडेंस सिस्टम से अभ्यर्थियों की पहचान की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि आईआरआईएस अटेंडेंस सिस्टम अत्यंत सुरक्षित, स्पर्शरहित बायोमीट्रिक समाधान है, जो आंखों की पुतली के चारों ओर स्थित रंगीन वलय (आइरिस) में मौजूद विशिष्ट पैटर्न की उच्च-रिजोल्यूशन वाली छवियां कैप्चर करके व्यक्ति की पहचान प्रमाणित करता है। आइरिस का पैटर्न जीवन भर स्थिर रहता है और इसे कॉपी करना लगभग असंभव है। परीक्षार्थी अपनी सही सीट पर बैठे, यह भी सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक को संबोधित करते प्रशासनिक पदाधिकारी व न्यू टाउन हॉल में उपस्थित दंडाधिकारी व केंद्र अधीक्षक

केवल पेन-पेंसिल ही ले जा सकेंगे परीक्षार्थी

उपायुक्त ले कहा कि कोई भी परीक्षार्थी, परीक्षक या परीक्षा में लगा अन्य कोई व्यक्ति, परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों या उपकरणों का प्रयोग नहीं करेगा। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी, कैलकुलेटर, पेजर, चिप, कंप्यूटर को प्रभावित करने वाले उपकरण सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। अभ्यर्थी केवल लेखन सामग्री लेकर ही प्रवेश करेंगे। परीक्षा के अवसर पर सभी परीक्षा केंद्रों तथा स्ट्रांग रूम परिसर के पास किसी भी मीडिया प्रतिनिधि, पत्रकार, छायाकार अथवा अन्य मीडिया कर्मियों का प्रवेश पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। एसएसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित समय से पूर्व ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया। प्रश्नपत्रों का मिलान कर लेने, दंडाधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखने, परीक्षा केंद्र पर सतर्क रहने एवं कंट्रोल रूम के साथ सीधे संपर्क में रहने की हिदायत दी। एडीएम हेमा प्रसाद ने परीक्षा से संबंधित समय सारिणी, सीटिंग प्लान, विभिन्न प्रपत्र को भरने, अभ्यर्थियों का प्रवेश एवं निकास, दंडाधिकारियों का कर्तव्य, फ्लाइंग स्क्वायड एवं पुलिस पदाधिकारी का दायित्व, प्रश्नपत्रों का वितरण, गश्ती व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर दिशा निर्देश दिया।

परीक्षा के दौरान सक्रिय रहेंगे दो नियंत्रण कक्ष

झारखंड पात्रता परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा के दौरान आयोग के नियंत्रण कक्ष के साथ जिला नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 0326 - 2311807 तथा 112 एवं आयोग के नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 9431301636, 9431301419 प्रभावी रहेगा। इसी बैठक में 3 मई को जिले के सात सेंटर पर होने वाली यूजी (नीट) परीक्षा को लेकर नीट के सिटी को-ऑर्डिनेटर शैलेंद्र शर्मा ने परीक्षा से संबंधित जानकारी पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस मौके पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, डीएलएओ राम नारायण खलको, एडीएम-सप्लाई मो जियाऊल अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, ट्रेजरी ऑफिसर पंकज कुमार, डीएसपी-सीसीआर सुमित कुमार व घनश्याम दुबे भी उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

रांची विश्वविद्यालय में जल्द होगी एमएड की पढ़ाई : कुलपति

RANCHI : रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा ने शुक्रवार को एक बैठक में कहा कि जल्द ही शिक्षा विभाग के अन्तर्गत एमएड की भी पढ़ाई होगी। कुलपति ने कांफ्रेंस हॉल शहीद चौक प्रशासनिक भवन में बीएड महाविद्यालयों के सभी प्राचार्यों के साथ एक अहम बैठक में यह निर्णय लिया। इस बैठक में प्राचार्यों ने अपने महाविद्यालयों की ओर से चलाए जा रहे संचालित आउटरीच कार्यक्रमों, अकादमिक पहलों और बीएड पाठ्यक्रम के पाठ्यक्रम (सिलेबस) के अद्यतन से संबंधित सुझाव भी साझा किए। इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और समसामयिक आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम में बदलाव पर विशेष चर्चा की गई।

ओबीसी को आरक्षण की मांग पर सुदेश को जेल भेजने की साजिश : आजसू

RANCHI : आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार ने पांच वर्ष पूर्व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, प्रवक्ता देवशरण भगत और पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता को जेल भेजने की साजिश कर रही है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोर्ट में सभी नेताओं के खिलाफ आरोप गठित होना इसी दिशा में एक नया कदम है। प्रभाकर ने कहा है कि नगर निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिलवाने के लिए आजसू पार्टी सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी, जिसके कारण झामुमोझकांग्रेस नाराज हैं। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के सुप्रीम कोर्ट जाने पर नगर निकाय और पंचायत में ओबीसी आरक्षण देने पर राज्य सरकार विवश हुई है।

करदाताओं के लिए बनाई जा रहीं प्रक्रियाएं अधिक सरल : आयकर आयुक्त

RANCHI : मेंबर्स इन इंडस्ट्री एंड बिजनेस कमिटी ऑफ दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नई दिल्ली की ओर से इनकम टैक्स एक्ट 2025 पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन रांची के रैडिशन ब्लू होटल में शुक्रवार को किया गया। सेमिनार का उदघाटन मुख्य अतिथि राजेश झा, आईआरएस, मुख्य आयकर आयुक्त, रांची ने किया। मुख्य अतिथि राजेश झा, आईआरएस, मुख्य आयकर आयुक्त ने कर प्रणाली में पारदर्शिता और अनुपालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि नए इनकम टैक्स एक्ट के माध्यम से करदाताओं के लिए प्रक्रियाएं अधिक सरल और प्रभावी बनाई जा रही हैं। उन्होंने उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से अपील की कि वे करदाताओं को सही मार्गदर्शन देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

मनरेगा हड़ताल पर सख्ती, हड़तालियों की कड़ी निगरानी शुरू

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में 12 मार्च से जारी मनरेगा कर्मियों की हड़ताल को लेकर राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए अब हड़ताली कर्मियों की निगरानी और पहचान तेज कर दी है। विभिन्न जिलों से मिली रिपोर्ट के आधार पर हड़ताल में शामिल कर्मियों को कड़ी निगरानी सूची में रखा जा रहा है। विभागीय पोर्टल उन्हें अलग मार्किंग के साथ दर्ज करा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग के सूत्रों के अनुसार, जो मनरेगा कर्मी हड़ताल पर हैं, उन्हें अलग सूची में डालकर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जो कर्मी काम पर लौट आए हैं या लगातार काम कर रहे हैं, उन्हें इस सूची से बाहर रखा गया है, ताकि कार्यरत और हड़ताली कर्मियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जा सके। राज्य के कई जिलों- चतरा, देवघर, धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग, जामताड़ा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, रांची, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा से मिली जानकारी में सामने आया है कि अलग-अलग स्तर पर कर्मियों की स्थिति अपडेट की जा रही है। कई जिलों में अब भी बड़ी संख्या में कर्मी हड़ताल पर हैं, जबकि कुछ जगहों पर आंशिक रूप से काम शुरू हो चुका है।

- जो काम पर लौट आए हैं या पहले से कर रहे उन्हें निगरानी सूची से रखा गया है बाहर
- स्ट्राइक के कारण ऑनलाइन एंट्री, मस्टर रोल और भुगतान प्रक्रिया भी हो रही प्रभावित
- सिर्फ चार जिलों में ही अभियंता स्तर के कर्मी भी हड़ताल में हैं शामिल

हड़ताल पर जाने वालों की हो रही है पोर्टल पर मार्किंग

हड़ताल में शामिल मनरेगा कर्मी ● फोटोन न्यूज

जूनियर और असिस्टेंट इंजीनियर का समर्थन सीमित

आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में करीब 5 हजार मनरेगा कर्मी कार्यरत हैं, जिनमें से 2500 से अधिक ग्राम रोजगार सेवक हड़ताल पर हैं। इसके अलावा कंप्यूटर सहायक और लेखा सहायक भी कई जिलों में हड़ताल में शामिल हैं, जिससे ऑनलाइन एंट्री, मस्टर रोल और भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। जूनियर और असिस्टेंट इंजीनियर का का समर्थन सीमित दिख रहा है। सिर्फ चार जिलों में ही अभियंता स्तर के कर्मी हड़ताल में शामिल हैं, जबकि बाकी जिलों में इंजीनियर काम कर रहे हैं, जिससे तकनीकी कार्य पूरी तरह ठप नहीं हुआ है।

योजनाओं को पटरी पर लाने की कवायद

सरकारी सूत्रों का कहना है कि यह कवायद मनरेगा योजनाओं को पटरी पर बनाए रखने और सक्रिय कर्मियों को प्राथमिकता देने के लिए की जा रही है। वहीं, हड़ताल में शामिल कर्मियों पर आगे प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना भी जताई जा रही है। दूसरी ओर मनरेगा कर्मियों के संगठन इसे दबाव की रणनीति बताते हुए विरोध जता रहे हैं। उनका कहना है कि सेवा नियमितीकरण समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण कई जिलों में मनरेगा का कामकाज प्रभावित हुआ है और योजनाओं की गति धीमी पड़ गई है।

आंशिक रूप से काम कर रहे कुछ कर्मी

रिपोर्ट के अनुसार, कई जिलों में 100 से 200 तक कर्मियों की स्थिति को लेकर डेटा अपडेट किया गया है। नॉर्मल और पार्शियली एक्टिव जैसी श्रेणियों में भी एंट्री की जा रही है, जिससे यह संकेत मिलता है कि कुछ कर्मी आंशिक रूप से काम कर रहे हैं या हड़ताल से दूरी बना रहे हैं।

फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसाइटी के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में गवर्नर बोले-

युवा देश की असली ताकत, विकसित राष्ट्र निर्माण में निभाएं अहम भूमिका

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि देश का वर्तमान और भविष्य युवाओं के हाथों में है और उनकी ऊर्जा ही भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। वे रांची में फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसाइटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन -अभिज्ञ 3.0 को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसाइटी की यात्रा सेवा, समर्पण और सामाजिक बदलाव का प्रेरक उदाहरण रही है। यह संगठन जनजातीय समाज के उत्थान के लिए एक बड़े जन-आंदोलन के रूप में कार्य कर रहा है, जिसने शिक्षा, संस्कृति और आत्मगौरव के जरिए लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया है। उन्होंने एकल शिक्षा की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और जागरूकता पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है।

सोसाइटी की यात्रा सेवा, समर्पण और सामाजिक बदलाव का प्रेरक उदाहरण

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ● फोटोन न्यूज

आत्मनिर्भरता को दिया जा रहा बढ़ावा

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के तहत जनजातीय समाज के उत्थान, शिक्षा विस्तार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत को सशक्त बनाने का रास्ता केवल नीतियों से नहीं, बल्कि हमारी सोच, आचरण और संस्कारों से तय होगा।

समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता फैलाने में एकल शिक्षा की अवधारणा महत्वपूर्ण

अपनी संस्कृति और मूल्यों पर करें गर्व

राज्यपाल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि भारतवासी होने का मतलब अपनी संस्कृति और मूल्यों पर गर्व करना है, साथ ही समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें समावेशी और संतुलित विकास की परिकल्पना की गई है। इस लक्ष्य को हासिल करने में जनजातीय समाज की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। गांवों और वनवासी क्षेत्रों के सशक्त होने से ही भारत का समग्र विकास संभव है।

कुपोषण से लड़ने में आसानी से उपलब्ध स्थानीय साग-सब्जियों की भूमिका अहम

- 'वाइल्ड लीफ वेजिटेबल्स एंड फ्लावर्स' पुस्तक के लोकार्पण समारोह में राज्यपाल ने कहा-
- पोषण से भरपूर होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से समृद्ध होते हैं प्राकृतिक खाद्य पदार्थ
- नियमित रूप से दैनिक आहार में शामिल कर बड़े स्तर पर किया जा सकता है स्वास्थ्य सुधार

RANCHI : शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में उपलब्ध पारंपरिक साग-सब्जियां और फूल न केवल भोजन का हिस्सा हैं, बल्कि कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से निपटने का सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध ये प्राकृतिक खाद्य पदार्थ पोषण से भरपूर होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से समृद्ध हैं। इन्हें दैनिक आहार में शामिल कर बड़े स्तर पर स्वास्थ्य सुधार किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि बदलती जीवनशैली में पारंपरिक खाद्य आदतों का महत्व और बढ़ गया है, ऐसे में इन साग-सब्जियों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। राज्यपाल ने यह बातें लोकभवन में रांची विश्वविद्यालय की प्रो.वंदना कुमारी और प्रो. सुधांशु कुमार (सेवानिवृत्त) द्वारा लिखित पुस्तक 'वाइल्ड लीफ वेजिटेबल्स एंड फ्लावर्स' पुस्तक के लोकार्पण समारोह में अपने संबोधन में कही। गवर्नर ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इसमें 250 से अधिक प्रकार के पत्तों और फूलों का वैज्ञानिक विवरण छायाचित्रों के साथ दिया गया है, जो खासकर जनजातीय क्षेत्रों की पारंपरिक खाद्य संस्कृति को सामने लाता है।

30 साल सेवा पर 104 सचिवालय कर्मियों को तीसरा वेतन उन्नयन

RANCHI : राज्य सरकार ने सचिवालय सेवा के 104 अधिकारियों और कर्मचारियों को तीसरा संशोधित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने आदेश जारी किया है। यह लाभ 30 वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर दिया गया है। विभागीय स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा के आधार पर चयनित कर्मियों को उनके नाम के समक्ष निर्धारित तिथि से वेतन स्तर-12 में वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति दी गई है। अधिकतर मामलों में यह लाभ दिसंबर 2025 से प्रभावी माना गया है। सूची में अवर सचिव स्तर के कई अधिकारी शामिल हैं, जो कृषि, वन एवं पर्यावरण, राजस्व परिषद, गृह, ग्रामीण विकास और वित्त विभाग में कार्यरत हैं। स्पष्ट किया गया है कि यह उन्नयन व्यक्तिगत आधार पर दिया गया वित्तीय लाभ होगा और इसका वरिष्ठता क्रम से कोई संबंध नहीं रहेगा। साथ ही लाभार्थियों से यह भी सुनिश्चित कराया जाएगा कि किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर अतिरिक्त भुगतान की वसूली की जा सके।

मंत्री इरफान अंसारी ने यूट्यूब चैनल को भेजा 10 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस

PHOTON NEWS RANCHI : स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री इरफान अंसारी ने उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने, दुर्भावनापूर्ण मीडिया ट्रायल चलाने और सांप्रदायिक संकेतों के जरिए सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में रांची के एक स्थानीय यूट्यूब चैनल के खिलाफ कड़ा कानूनी कदम उठाया है। मंत्री की ओर से 23 अप्रैल 2026 को अधिवक्ताओं के माध्यम से 10 करोड़ रुपए का फाइनल एवं बाईडिंग लीगल नोटिस जारी किया गया।

मंत्री ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नोटिस में संबंधित मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित और प्रसारित सामग्री को पूर्व-नियोजित, दुर्भावनापूर्ण और चरित्र-हनन करने वाला है। जिसमें एकतरफा

मंत्री इरफान अंसारी

मीडिया ट्रायल के जरिए जनमानस में भ्रामक और गलत धारणा बनाने का प्रयास किया गया, जो पत्रकारिता की मर्यादाओं का उल्लंघन है। साथ ही मंत्री ने उसमें प्रयुक्त भाषा को सांप्रदायिक संकेतों से युक्त बताते हुए इसे सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाला करार दिया है।

नोटिस में मंत्री ने चैनल के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं जिनमें संबंधित यूट्यूब चैनल के सभी प्लेटफॉर्म से विवादित कंटेंट को तत्काल हटाने, डॉ. अंसारी से सार्वजनिक और बिना शर्त माफी मांगे जाने तथा ऐसा नहीं करने पर 10 करोड़ का हर्जाना अदा करने की मांगे शामिल है। नोटिस के माध्यम से चैनल को निर्धारित समय-सीमा में मांगें पूरी नहीं होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

मंत्री ने कहा कि इस कंटेंट से उनकी प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची है और उन्हें मानसिक पीड़ा व सार्वजनिक अपमान झेलना पड़ा, जो अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सम्मान की बात करते हुए स्पष्ट किया कि झूठ और समाज को बांटने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गार्ड हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों ने किया प्रदर्शन

RANCHI : राजधानी रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में तैनात गार्ड बिरसा मुंडा की हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर और बांस लगाकर सड़क जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। बाद में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पीके मिश्रा सहित पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम हटवाया।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि शहर में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि अब वे धार्मिक स्थलों तक को निशाना बनाने लगे हैं।

जगन्नाथपुर मंदिर प्रहरी हत्याकांड पर बाबूलाल मरांडी ने सरकार और पुलिस पर उठाए सवाल

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर के गर्भगृह की सुरक्षा में तैनात प्रहरी की हत्या के बाद राज्य की सियासत तेज हो गई है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस घटना की सूचना से वे स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में यह वारदात हुई है, वहां विधानसभा और उच्च न्यायालय जैसे अत्यंत संवेदनशील संस्थान स्थित हैं। ऐसे हाई सिक्योरिटी जोन में मंदिर परिसर के भीतर घुसकर हत्या हो जाना पुलिस की कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि पिछले

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ● फोटोन न्यूज

दो दिनों के भीतर मंदिर के आसपास दो हत्याएं हो चुकी हैं, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि रांची पुलिस अपराध रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। मरांडी ने पुलिस की कार्यप्रणाली की तुलना 'सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटने' वाली स्थिति से करते हुए कहा कि पुलिस केवल घटना के बाद सक्रिय होती है, जबकि अपराध रोकने की जिम्मेदारी पहले की होती है। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले पर चुप्पी तोड़ने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की खामोशी अपराधियों और अयोग्य पुलिस अधिकारियों का मनोबल बढ़ा रही है। यदि सरकार समय रहते सख्त कदम नहीं उठाती है, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति और बिगड़ सकती है।

नियमों में बदलाव | 120 दिनों में फैसला नहीं तो आवेदन खारिज

खनन पट्टा की स्वीकृति के पहले ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड सरकार ने खनन व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली- 2026 लागू कर दी है। नई व्यवस्था के तहत खनन पट्टा से जुड़ी प्रक्रिया को समयबद्ध और सख्त बनाया गया है। अब पट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों पर 120 दिनों के भीतर निर्णय लेना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन स्वतः खारिज माना जाएगा। उपायुक्त द्वारा इस आशय का पत्र जारी किया जाएगा। इस पत्र की वैधता निर्गत किए जाने की तिथि से 1 वर्ष के लिए होगी मान्य होगा। खनन पट्टा के प्रत्येक आवेदन पर निर्णय उपायुक्त द्वारा सक्षम प्राधिकार से प्रदत्त पर्यावरणीय सुरक्षा प्रमाण पत्र दाखिल करने के 30 दोनों को भीतर दिया जाएगा 30 दोनों को अवधि के पश्चात आवेदन खान निदेशालय को भेजा जाएगा जिसका 30 दिनों के भीतर निर्देशक खान द्वारा निर्णय लिया जाएगा। दाखिल आवेदन पत्र पर 120 दिनों के अंदर आशय पत्र जारी किया जाएगा। लेकिन अनुसूचित क्षेत्र में खनन पट्टा की स्वीकृति के पूर्व ग्राम सभा का स्वतंत्र एवं पूर्व सहमति प्राप्त किया जाना अब अनिवार्य किया गया। नियमावली के अनुसार 3 हेक्टेयर तक की रैयती भूमि पर पत्थर, मोरम और मिट्टी के पट्टे आवेदन के आधार पर दिए जाएंगे, जबकि इससे अधिक क्षेत्र और अन्य खनिजों के लिए पट्टे ई-नीलामी के माध्यम से दिए जाएंगे। आवेदन के लिए 25 हजार रुपये शुल्क, आयकर विवरणी और स्वामित्व या सहमति पत्र अनिवार्य किया गया है। संशोधन के बाद कई मामलों में राज्य सरकार की जगह निदेशक, खान को निर्णय का अधिकार दिया गया है। सक्षम पदाधिकारी की परिभाषा का विस्तार करते हुए उपायुक्त से लेकर जिला खनन पदाधिकारी तक को इसमें शामिल किया गया है।

लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली- 2026 लागू



प्रतीकात्मक फोटो

सख्त कार्रवाई का किया गया प्रावधान

अवैध खनन, भंडारण और परिवहन पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। नियम उल्लंघन को दंडनीय अपराध माना जाएगा। किसी आदेश से असंतुष्ट व्यक्ति 30 दिनों के भीतर 1000 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन अपील कर सकेगा। अन्य प्रावधानों के तहत लगान या स्वामित्व भुगतान नहीं करने अथवा शर्तों के उल्लंघन पर पट्टा समाप्त किया जा सकेगा। पट्टा समाप्ति के बाद 60 दिनों के भीतर खनिज हटाना अनिवार्य होगा। पट्टा की प्रभावी तिथि निबंधन की तिथि मानी जाएगी। लघु खनिज पट्टाधारियों को जिला खनिज प्रतिष्ठान के तहत देय राशि जमा करनी होगी। इसके अलावा कुछ मामलों में शुल्क 1000 रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है और मान्यता प्राप्त आवेदकों का निबंधन अधिकतम तीन वर्ष के लिए मान्य होगा। बालू खनन अब राज्य के निर्धारित सैंड माइनिंग नियम, 2025 के अनुसार किया जाएगा। सरकार का मानना है कि नई नियमावली से खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, अवैध खनन पर रोक लगेगी और राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी।

जुडको में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

RANCHI : जुडको के प्रशासनिक शाखा द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हेल्थ कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया गया। हेल्थ कैंप में 50 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की विभिन्न चिकित्सकीय जांच की गयी और अनुभवी डाक्टरों द्वारा उपचार से संबंधित उचित सलाह भी दी गयी। सेंटर फार साइट आइ हास्पीटल के चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद और आंख से संबंधित अन्य बीमारियों की जांच की गयी। इसके अलावा निषुल्क नेत्र परीक्षण भी किया गया। रेटिना की भी जांच की गयी। सेंटर फार साइट के प्रबंधक एम सोहन राव, सीनियर आप्टेमेटिस्ट साहिल और पीसीटी दीलीप राम ने नेत्र परीक्षण में मुख्य भूमिका निभाई।

जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति का पुनर्गठन, नई कमेटी गठित

PHOTON NEWS RANCHI : जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति का पुनर्गठन कर नई कमिटी का गठन किया गया है। पूर्व में गठित समिति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह निर्णय लिया गया।

नई समिति में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एन.एन. पाण्डेय को अध्यक्ष बनाया गया है। ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव (प्रथम सेवक, सेवायत) को उपाध्यक्ष, मिथिलेश कुमार को उपाध्यक्ष तथा प्रसन्न कुमार को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विनोद कुमार, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, मुकेश कुमार, कमल ठाकुर, भरत तिवारी, नीतू देवी और गोपाल उपाध्याय को सदस्य बनाया गया है।

समिति में सांसद रांची, विधायक खिजरी, विधायक हटिया, उपायुक्त रांची एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी रांची को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। न्यास समिति को मंदिर की संपत्तियों के संरक्षण, आय-व्यय के पारदर्शी प्रबंधन, दान व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मंदिर के समग्र विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, समिति मंदिर में पूजा-अर्चना एवं रथ यात्रा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करेगी। नई समिति को तीन महीने के भीतर मंदिर के कुशल प्रबंधन और समग्र विकास के लिए विस्तृत योजना तैयार करने का दायित्व दिया गया है।

समाचार सार

एडवोकेट अनिल कुमार महतो लगातार तीसरी बार जीते

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार महतो के झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में तीसरी बार भारी मतों से विजयी हुए। इस खुशी में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार परिसर में जमकर आतिशबाजी की और अनिल कुमार महतो को फूलमाला से अभिनंदन किया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के महासचिव फादर अगस्तिन कुल्लू, निरंजन प्रसाद साव, अंकुर कुमार चौधरी, सतीश चंद्र महतो, नीरज कुमार, रमेश चौबे, सुभाष चंद्र मिश्रा, किशोर महतो, कैसर परवेज, राजाराम गुप्ता सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

टेल्को में महिला से चेन छिनतई

JAMSHEDPUR : टेल्को कॉलोनी स्थित मिलेनियम पार्क के पास बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के गले से चेन छीन कर फरार हो गए। जिस महिला के गले से चेन छीनी गई है, वह टेल्को कॉलोनी में के 3/39 की निवासी है। वह अपने पति प्रताप कुमार प्रतापी के साथ मिलेनियम पार्क गई थी। यह घटवा पार्क से घर लौटते समय हुई। शुक्रवार को पुलिस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। टेल्को थाना प्रभारी ने बताया कि घटना गुरुवार शाम 5.40 बजे की है।

एसडीओ श्रुति राजलक्ष्मी सहित 40 ने किया रक्तदान

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला में रक्त की कमी को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को चक्रधरपुर स्थित अनुमंडल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घतन पोड़ाहाट की अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी ने दीप जलाकर किया। इसके पश्चात उन्होंने भी रक्तदान किया। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। एसडीओ ने बताया कि प्रत्येक माह की 24 तारीख को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरूआत आज से की गई। शिविर को सफल बनाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी कांचन मुखर्जी, अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा, जेएलएन कॉलेज के कर्मचारी, सीआरपीएफ 60 बटालियन के जवानों के अलावा शहर के गणमान्य लोगों ने भी रक्तदान किया।

अनुकंपा पर तीन को मिली नियुक्ति

JAMSHEDPUR : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त राजीव रंजन ने अनुकंपा नियुक्ति के तहत तीन कर्मियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। अनुकंपा के आधार पर अमित बेरा एवं सुभाष हांसदा को वर्ग-3 (निम्नवर्गीय लिपिक) पद तथा जयंत सिंह को वर्ग-4 (अनुसेवी) पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। उपायुक्त ने नवनियुक्त कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही। उन्होंने कर्मियों से अपेक्षा की कि वे कार्यालयी कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन एवं जवाबदेही का पालन करते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

खरसावां में 4 शराब भट्ठी ध्वस्त, 1200 किलो महुआ बरामद

SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त नीतिश कुमार सिंह के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक के नेतृत्व में खरसावां थाना अंतर्गत ग्राम पुनीदा एवं गांगुडीह में छापे कर चार अवैध चुलाई शराब अड्डों को ध्वस्त किया गया तथा लगभग 1200 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। बरामद महुआ को जब्त करते हुए संबंधित अड्डा संचालकों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया।

पटमदा में बच्चों ने मनाया सचिन का जन्मदिन

JAMSHEDPUR : पटमदा में शुक्रवार को बच्चों ने क्रिकेट लिजेंड सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर एसएस +2 उच्च विद्यालय, पटमदा मैदान पर सचिन एकादश एवं मिताली राज एकादश के बीच मिक्स जेंडर मुकाबला खेला गया। सचिन एकादश की कप्तान पूजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सचिन एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 5 ओवर्स में एक विकेट के नुकसान पर कुल 53 रन बनाए। 54 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिताली राज एकादश की शुरूआत बेहद धीमी रही, मिताली एकादश 5 ओवर्स की समाप्ति पर एक विकेट खोकर कुल 27 रन ही बना सकी।

एमजीएम अस्पताल के बंदी वार्ड से कूद कर विचाराधीन कैदी ने की आत्महत्या

डॉक्टर के पास जांच के लिए ले जाते समय सिपाही से हाथ छुड़ाकर सातवीं मंजिल से लगाई छलांग

PHOTON NEWS JSR : मानगो स्थित एमजीएम अस्पताल में शुक्रवार को इलाजरत विचाराधीन कैदी ने सात मंजिला भवन से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम अशोक कुमार है। गौरतलब है कि अशोक कुमार पहले से ही मानसिक तनाव से गुजर रहा था। बताया जाता है कि उसने जेल के अंदर भी खुद का गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन समय रहते जेल प्रशासन ने उसे बचा लिया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर में उसे कैदी वार्ड से डॉक्टर के पास ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने पुलिसकर्मी का हाथ छुड़ा लिया और अचानक सातवीं

मंजिल से कूद गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद एक बार फिर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जाता है कि अशोक कुमार लंबे समय से जेल में बंद था और मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसके बेहतर इलाज के लिए उसे रांची भी भेजा गया था, जहां उसका इलाज चल रहा था।

गौरतलब है कि एमजीएम अस्पताल में ऊपर की मंजिलों में कई क्षेत्र ऐसे हैं जो खुले हुए हैं। यहां से कूद कर आत्महत्या की जा सकती है। वार्ड की खिड़कियों में स्लाइडर लगा है, लेकिन जालियां नहीं लगीं। पहले भी मरीज यहां से कूद कर आत्महत्या कर चुके हैं।

सरायकेला में होमगार्ड बहाली में बड़ा घोटाला : एक ही पते पर 73 आवेदक, कड़ी कार्रवाई की मांग

आदित्यपुर में पत्रकारों को संबोधित करते होमगार्ड एसोसिएशन के पदाधिकारी

SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले में होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में एक बड़े घोटाले की बात सामने आ रही है। आदित्यपुर स्थित आदिवासी कल्याण समिति में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव तिवारी ने बताया कि सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर बाहरी राज्यों के लोगों को स्थानीय बताकर नौकरी दी गई है। राजीव तिवारी ने दस्तावेजों के हवाले से बताया कि बहाली में नियमों को ताक पर रखकर फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बांटे गए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिले में एक ऐसा पता सामने आया है, जहां से 73 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया और उनमें से 24 सफल भी हो गए। इसी प्रकार, एक अन्य पते पर 11 में से 8 और अन्य स्थानों पर शत-प्रतिशत संदिग्ध चयनित हुए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि एक ही पते पर इतने लोग कैसे रह सकते हैं और प्रशासन ने बिना भौतिक सत्यापन के इन्हें प्रमाण पत्र कैसे जारी कर दिए। महासचिव ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यह न केवल स्थानीय युवाओं के रोजगार का हनन है, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर मामला है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यही प्रक्रिया रही, तो भविष्य में कोई भी विदेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सुरक्षातंत्र में घुसपैठ कर सकता है।

टाटा स्टील प्लांट में चोरी की कोशिश नाकाम, तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

PHOTON NEWS JSR : टाटा स्टील प्लांट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की मुस्तैदी एक बार फिर देखने को मिली, जब कंपनी की सुरक्षा टीम ने बड़ी चोरी की कोशिश को विफल करते हुए तीनआरोपितों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह घटना 24 अप्रैल 2026 की तड़के करीब एक बजे की बताई जा रही है, जब संदिग्ध गतिविधि पर नजर पड़ते ही सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों आरोपी सकची क्षेत्र स्थित केबल गैलरी के रास्ते प्लांट परिसर में अवैध रूप से प्रवेश कर चुके थे और तांबे के केबल को काटकर बाहर ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान गश्त कर रही सुरक्षा टीम की नजर उन पर पड़

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

गई। सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पूरे इलाके को घेर लिया और थोड़ी मशक्कत के बाद तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से लगभग 75 किलो तांबे का केबल बरामद किया गया, जिसकी बाजार में अच्छी कीमत बताई जा रही है। अगर यह चोरी सफल हो जाती तो कंपनी को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता था। सुरक्षा टीम की सतर्कता के कारण इस नुकसान को समय रहते टाल दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विकाश चिन्ना (ओल्ड सीतारामडेरा थाना क्षेत्र), दीपक लोहार (बिरसानगर रोड नंबर 7) और अविनाश मुखी (केबल टाउन बस्ती रोड नंबर 5) के रूप में हुई है। तीनों स्थानीय क्षेत्र के रहने वाले हैं और प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि वे पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल हो सकते हैं। घटना के बाद टाटा स्टील के सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी आरोपियों को बिष्टुपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

आवास योजना में लापरवाही बरतने पर दो प्रखंड समन्वयकों की सेवा समाप्त

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिला में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला चयन समिति द्वारा कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान आवास योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति, कार्य निष्पादन, प्रगति प्रतिवेदन एवं क्षेत्रीय कार्यों के आधार पर प्रखंड समन्वयकों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। जिला चयन समिति द्वारा की गई समीक्षा में प्रखंड समन्वयक, डुमरिया साजल कुमार खान तथा प्रखंड समन्वयक, गुड़ाबांदा धर्मेंद्र प्रसाद का कार्य निष्पादन प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत असंतोषजनक एवं अपेक्षित स्तर से कम पाया गया। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए जिला चयन समिति की अनुशंसा पर दोनों प्रखंड समन्वयकों की संविदा सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

गोइलकेरा में साल की लकड़ी लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

ट्रक पर लदी लकड़ी

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार की रात संतरा वन प्रक्षेत्र की टीम ने भारी मात्रा में साल की लकड़ी से लदा एक ट्रक पकड़ा है। ट्रक के साथ बिहार निवासी चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, वन विभाग के रेंजर रामनंदन राम को गुप्त सूचना मिली थी कि गोइलकेरा और चाईबासा के बीच जंगल से लकड़ी काटकर ट्रक में लोड कर बिहार भेजा जा रहा है। सूचना के आधार पर संतरा वन प्रक्षेत्र के कर्मियों ने रात करीब एक बजे गोइलकेरा के गोटांबा गांव के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोका गया। जब्त ट्रक पर साल के 44 बोटे लदे थे। बरामद लकड़ी की अनुमानित बाजार कीमत पांच लाख रुपये आंकी गई है। पकड़ा गया ट्रक चालक बिहार के शाहगंज गांव के पोस्ट ईटवा जिला फतेहपुर निवासी कैलाश यादव है। पूछताछ में सामने आया कि कैलाश यादव ही जब्त ट्रक का मालिक भी है। विभाग यह भी जांच कर रहा है कि इस तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की रात पकड़े गए ट्रक को समीज आश्रम के पास लोड किया गया था।

नौकरी छीनकर केंद्र व राज्य सरकार बना रही बेरोजगार : एसयूसीआई

आमसभा को संबोधित करते सोमेन बोस

GHATSILA : सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) झारखंड राज्य कमेटी की ओर से पार्टी के 79वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को शिवदास घोष अध्ययन केंद्र काशीदा में विशाल आमसभा हुई। इस मौके पर झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्य वक्ता पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सोमेन बोस ने कहा कि आज एक तरफ सभी बड़ी-बड़ी पूंजीपति वर्ग की पार्टी टूट रही है, वहीं दूसरी ओर इस देश की एकमात्र सही वामपंथी पार्टी एसयूसीआई-सी पूरे देश में ताकत के साथ आम जनता का सपोर्ट लेकर आगे बढ़ रही है। आज चाहे वह केंद्र की बड़ी पार्टी हो या राज्य की क्षेत्रीय पार्टियां, जो बारी-बारी से सरकार में रही हैं-आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय जन विरोधी, शिक्षा विरोधी, किसान विरोधी ,मजदूर विरोधी कानून को लागू कर रही है। महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है, नौकरी देने के बजाय सरकार सरकारी एवं प्राइवेट दोनों नौकरियां आम लोगों से छीन रही है। बगल की टाटा कंपनी के अंदर टाटा स्टील और टाटा मोटर्स के कर्मचारियों को जबरन वीआरएस देकर निकालने की साजिश चल रही है।

पश्चिमी सिंहभूम के 6 प्रखंडों में 252 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रोजेक्ट जागृति की शुरूआत शुक्रवार को हुई। इसके तहत जिले के 6 प्रखंडों में 252 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शुक्रवार को जिले मे आयोजित रक्तदान शिविर के आलोक में प्रखंड सदर चाईबासा के एमटीसी सदर अस्पताल कैंपस में कुल 105 डोनर ने पंजीकृत किया और 99 यूनिट, तांतनगर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 37 डोनर ने पंजीकृत किया और 36 यूनिट, प्रखंड झींकपानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 40 डोनर ने पंजीकृत किया और 33 यूनिट, टोन्टो प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 36 डोनर ने पंजीकृत किया और 22 यूनिट, प्रखंड मंझारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 39 डोनर ने पंजीकृत किया और 22 यूनिट, प्रखंड चक्रधरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 53 डोनर ने पंजीकृत किया और 40 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर में जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारियों, सामाजिक संगठन और आम नागरिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया साथ ही दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

तस्करों से बचाई गई 6 नाबालिग बच्चियां चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर हुई कार्रवाई

- रांची की संस्था से मिली थी सूचना, आरपीएफ और जीआरपी ने मिलकर बच्चियों को बचाया

CHAKRADHARPUR : झारखंड सहित पश्चिमी सिंहभूम जिला से मानव तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, हर हफ्ते जिले से सैकड़ों नाबालिग महिला-पुरुष मानव तस्करों के चक्कर में आकर पलायन कर रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण है, गुरुवार की रात चक्रधरपुर स्टेशन में देखने को मिला। जहां नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर चलाए गए एक संयुक्त अभियान में 6 बच्चियों को तस्करी की आशंका से सुरक्षित बचा लिया गया। रांची की एक सामाजिक संस्था के सहयोग से विभिन्न विभागों की टीम ने समय रहते कार्रवाई कर बड़ी अनहोनी टाल दी। जानकारी के अनुसार, रेस्क्यू की गई सभी बच्चियों की उम्र लगभग 14 से 16 वर्ष के बीच है। अधिकारियों ने बताया कि इन बच्चियों को बहला-फुसलाकर और पैसे के सपने दिखाकर दूसरे राज्यों की ओर ले जाया जा रहा था। गुप्त सूचना और सतर्कता के चलते संयुक्त टीम ने इन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस रेस्क्यू अभियान में चक्रधरपुर के थाना प्रभारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रम विभाग, चक्रधरपुर महिला थाना और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चाईबासा की अहम भूमिका रही। रांची स्थित एक सामाजिक संस्था ने भी टीम को सहयोग किया। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई और आपसी समन्वय के कारण एक गंभीर स्थिति को टाल दिया गया। फिलहाल सभी बच्चियों को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके साथ ही बच्चियों की काउंसलिंग भी कराई जा रही है, ताकि ये नाबालिग बच्ची पढ़ाई-लिखाई कर बेहतर जिंदगी जी सकें। अधिकारियों का कहना है कि नाबालिगों की सुरक्षा के लिए जिले में लगातार निगरानी और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि बच्चों से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या संबंधित विभाग को दें। समय पर सूचना मिलने से कई मासूमों को तस्करी और शोषण से बचाया जा सकता है।

सेमिनार सतत गुणवत्तापूर्ण इस्पात निर्माण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य समापन, वैश्विक विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

इस्पात निर्माण में इलेक्ट्रिक आर्क व इंडक्शन फर्नेस का भविष्य : राजीव मंगल

PHOTON NEWS JSR : बिष्टुपुर के एन रोड स्थित शावक नानावती तकनीकी संस्थान (एसएनटीआई) में सतत गुणवत्ता इस्पात निर्माण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएसक्यूएस-2026) का समापन शुक्रवार को हो गया। दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों, इस्पात उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों, तकनीकी वैज्ञानिकों तथा शोधकताओं ने भाग लिया और इस्पात निर्माण के भविष्य पर गहन विचार-विमर्श किया।

समापन समारोह को टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सततता) राजीव मंगल ने संबोधित किया। उन्होंने विशेष रूप से स्क्रैप आधारित मार्ग से इस्पात उत्पादन में सुरक्षा मानकों को मजबूत करने तथा गुणवत्ता आश्वासन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) और इंडक्शन फर्नेस (आईएफ) आधारित इस्पात निर्माण प्रणाली तेजी से विकसित हो रही है, ऐसे में उत्पादन प्रक्रिया में सुरक्षा, स्थिरता और गुणवत्ता नियंत्रण अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

राजीव मंगल ने अपने संबोधन में टाटा स्टील द्वारा विद्युत आर्क भट्ठी आधारित उत्पादन प्रणाली की दिशा में हो रही प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यूरोप में इस्पात की मांग अपेक्षाकृत स्थिर होने के कारण वहां ईएएफ आधारित उत्पादन प्रणाली की ओर धीरे-धीरे बदलाव देखा जा रहा है, जबकि भारत में इस्पात की मांग तीव्र गति से बढ़ रही है। साथ ही,

कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि ● फोटोन न्यूज

कार्बन उत्सर्जन कम करने पर ज्यादा जोर

दो दिवसीय इस सम्मेलन का समापन एक फीडबैक सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने आयोजन को अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक और उद्योग के भविष्य के लिए उपयोगी बताया। पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ विभिन्न तकनीकी सत्र, मुख्य व्याख्यान और पैनल चर्चाओं का आयोजन किया गया, जिनमें सतत विकास की चुनौतियों, स्क्रैप की गुणवत्ता सुधार, इस्पात की शुद्धता, ऊर्जा दक्षता तथा विद्युत आर्क भट्ठी और इंडक्शन भट्ठी आधारित उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पर्यावरणीय मानकों को भी लगातार अधिक कठोर बनाया जा रहा है। ऐसे में भारत के लिए यह आवश्यक है कि ब्लास्ट फर्नेस और ईएएफ दोनों उत्पादन मार्गों का संतुलित विकास किया जाए, ताकि देश की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि इस्पात उद्योग को प्रतिस्पर्धा की बजाय सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जिससे संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में सुरक्षा, गुणवत्ता, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा मिल सके। इससे भारतीय इस्पात उद्योग वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बन सकता है। दूसरे दिन तकनीकी सत्रों में भट्ठी या फर्नेस तकनीक के आधुनिक विकास, कच्चे माल के बेहतर उपयोग, धातुकर्मीय प्रक्रिया नियंत्रण, डिजिटल तकनीक के उपयोग तथा उत्पादन प्रक्रिया के अनुकूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने इस्पात निर्माण में नवाचार और स्वचालन की भूमिका को भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया।

इनकी भी रही उपस्थिति : कार्यक्रम के दौरान मंच पर टाटा स्टील के लॉन्ग प्रोडक्ट्स गुणवत्ता नियंत्रण प्रमुख डॉ. टी. भास्कर, जेमिपोल के मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. एस. सान्याल तथा आईसीएसक्यूएस-2026 के सह-सचिव डॉ. ए. अम्मासी भी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने इस्पात उद्योग में तकनीकी नवाचार, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और उत्पादन दक्षता को बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए।

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 मई से समर कैंप का आयोजन

पत्रकारों को संबोधित करते टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदरा रामम

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील के स्पोर्ट्स डिवीजन ने शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित समर कैंप 2026 के आयोजन की घोषणा की। यह कैंप 11 मई से 31 मई तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। खेलों के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव के अपने लंबे समय से जारी प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को सीखने, निखरने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक सशक्त और जीवंत मंच प्रदान करना है।

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में टाटा स्टील के वीपी-कॉरपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदरा रामम ने बताया कि पिछले वर्ष के समर कैंप की शानदार सफलता को आगे बढ़ाते हुए, जिसमें जमशेदपुर में 2,995 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, टाटा स्टील को इस वर्ष 3,500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में समावेशिता पर भी विशेष जोर दिया जाएगा, जिसके तहत 40 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे और लगभग 60 बच्चे ह्यमस्ती की पाठशालाह्न से भी इस कैंप में भाग लेंगे।

BRIEF NEWS

विषाक्त मिठाई खाने से दर्जनों बच्चे बीमार

NAWADA : नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के मनहर गांव में शादी की खुशियां उस समय चिंता में बदल गईं, जब शुक्रवार को विषाक्त मिठाई खाने के बाद दर्जनों बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और परिजनों की आंखों में चिंता साफ झलकने लगी। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी ओंकार सिंह के बेटे की शादी 20 तारीख को संपन्न हुई थी। शादी के बाद बची हुई मिठाई 24 तारीख को गांव के बच्चों और ग्रामीणों में बांटी गई। मिठाई खाने के कुछ ही देर बाद कई बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और ब्लोटिंग की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बच्चों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। बीमार होने वालों में नीरज कुमार, पलक कुमारी, शीला देवी, अमृता कुमारी, आरोही कुमारी, रिमझिम कुमारी, आयुष कुमार, अंशिका कुमारी और ऋषिका कुमारी समेत कई बच्चे शामिल हैं। परिजन आनन-फानन में सभी बच्चों को रजौली अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। अस्पताल में तैनात डॉक्टर सूरज कुमार ने सभी बच्चों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर के अनुसार, फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि संभवतः बासी मिठाई खाने के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ी। फिलहाल सभी बच्चों का इलाज जारी है और परिजन उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।

पजिअरवा कांड के मुख्य आरोपी गिरफ्तार

EAST CHAMPARAN : जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के बहुचर्चित पजिअरवा कांड (संख्या 175/26) में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य आरोपी शेख साहिल को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही, जिस युवती के मामले को लेकर यह पूरा विवाद खड़ा हुआ था, उसे भी आरोपी के साथ बरामद कर लिया गया है। यह मामला कथित रूप से 'लव जिहाद' से जुड़ा होने के कारण पिछले कई दिनों से जिले में चर्चा का केंद्र बना हुआ था। विश्व हिन्दू परिषद सहित कई संगठनों द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी, जिसके बाद पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी थी। इससे पहले इसी कांड में नामजद एक अन्य आरोपी साहेब मियां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी और अंततः छत्तीसगढ़ में उसे पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ पुलिस का सहयोग लिया गया। संयुक्त अभियान के तहत आरोपी और युवती को बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुगौली पुलिस टीम जल्द ही छत्तीसगढ़ रवाना होगी और आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मोतिहारी लाया जाएगा। वहीं युवती को भी सुरक्षित लाकर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पूछताछ के बाद मामले में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर बढ़ई की मौत

ARARIA : फारबिसगंज प्रखंड के सिमराहा थाना क्षेत्र के औराही पूरब वार्ड संख्या एक निवासी सुरेन्द्र शर्मा पिता सीताराम शर्मा की सिरसिया धूमगढ़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। फारबिसगंज से बढ़ई का काम कर घर सिमराहा लौटने के क्रम सिरसिया धूमगढ के समीप एक तेज अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आ गया,जिनसे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक का शादी चार वर्ष पूर्व रानीगंज प्रखंड के परमानंदपुर निवासी गाजो शर्मा की पुत्री प्रियंका कुमारी से हुई थी। मृतक की पत्नी गर्भवती है एवं उन्हें दो छोटे छोटे बच्चे में से एक लड़का एक लड़की है। घटना की सूचना मिलने के बाद भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और ढांढस बंधाते हुए बताया कि मृतक सुरेंद्र प्रतिदिन सिमराहा से फारबिसगंज बढ़ई मिस्त्री का काम करने के लिए जाता था। उन्होंने परिजनों को सरकार से उचित सरकारी अनुग्रह अनुदान राशि दिलाने का भरोसा दिलाया।

ज्वेलरी शॉप लूटकर भाग रहे बदमाशों की फायरिंग में एक की मौत, दो धराए

गोपालगंज के भोरे थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई घटना, भीड़ ने लुटेरों को खदेड़कर दबोचा

- भागते समय बाइक हो गई खराब, लोगों के हत्थे चढ़ गए बदमाश

घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

PHOTON NEWS GOPALGANJ : गोपालगंज जिले के भोरे थाना स्थित लाला छपरा बाजार में शुक्रवार को ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े लूट हो गई। इसके बाद भागते समय बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी। लूटकर भाग रहे बदमाशों को स्थानीय लोगों की भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बदमाशों की गोली का निशाना बने मृतक की पहचान कर ली गई है। मृतक डबलू मिश्रा भोरे थाना इलाके के सीसई गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि पांच लुटेरे बाइक पर सवार होकर आए. और स्वर्ण व्यवसायी दीपक वर्मा की ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया। अपराधी दुकान में लूटपाट करने के इरादे से घुसे थे।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लूटपाट करने के बाद जब अपराधी हथियार लहराते हुए भागने लगे, तभी एक बदमाश की बाइक स्टार्ट नहीं हो पाई, जिस कारण उसे स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। अन्य बदमाशों को जब स्थानीय लोगों ने उनका पीछा करने का साहस दिखाया, तब अपराधियों ने फायरिंग कर दी, जिससे गोली लगने से डबलू मिश्रा की मौत हो गई।

अपराधियों के भागने के दौरान भीड़ ने साहस का परिचय देते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया। पकड़े गए अपराधी की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया. हालांकि, अन्य अपराधी भागने में सफल रहे।

मुआवजे की मांग पर अड़े ग्रामीण : डबलू मिश्रा की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीण उग्र हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने सीसई गांव के पास शव को रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और जिला प्रशासन से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की। इस संबंध में हथुआ के एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि बाइक सवार कुछ बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप में लूटपाट की है। एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ के आधार पर अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। बाजार में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

जूट मिल के जमीन घोटाले की फिर से जांच, भू-माफिया पर कसेगा शिकंजा

इसी जमीन को लेकर जल रही जांच

AGENCY KISHANGANJ : शहर से सटे टेउसा पंचायत के शिमलबाड़ी स्थित जूट मिल की जमीन की खरीद-बिक्री में सामने आई अनियमितताओं को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इस बहुचर्चित मामले में नए सिरे से जांच शुरू करने का आदेश दिया गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जूट मिल की जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध तरीके से खरीद-बिक्री की गई है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया है। रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई है कि पूरे प्रकरण में संगठित रूप से भू-माफियाओं की संलिप्तता हो सकती है। जांच के दौरान यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि जूट मिल परिसर में सरकारी राशि से निर्मित कई भवन अब गायब हैं। मौके पर केवल कुछ पिलर के अवशेष ही बचे हैं, जो पूरे मामले की कहानी बयां कर रहे हैं। इससे सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंका गहरा गई है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना जमीन की खरीद-बिक्री कैसे की गई। आशंका जताई जा रही है कि नियमों को दरकिनार कर बड़े स्तर पर फजीर्वाड़ा किया गया है। जिलाधिकारी विशाल राज ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की गहन जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जांच में जमीन से जुड़े सभी दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जाएगी। इसमें यह भी देखा जाएगा कि किन लोगों ने नियमों का उल्लंघन कर इस अवैध खरीद-बिक्री को अंजाम दिया।

अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी ने की सघन वाहन जांच

SARAN : अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में सिवान-सारण मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर चेकिंग प्वाइंट बनाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान पुलिस बल ने संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के साथ-साथ अवैध हथियार, शराब और मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए विशेष सतर्कता बरती। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई और उन्हें भविष्य में नियमों के पालन की कड़ी हिदायत दी गई। मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध पर लगाम लगाने और आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

एनएच-727 पर कार की टक्कर से तीन युवक हो गए घायल

अस्पताल में इलाजरत घायल

BETIA : बेतिया पुलिस जिला के लौरिया थाना क्षेत्र स्थित जिरिया माई स्थान के पास एनएच-727 पर आज सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज गति से आ रही एक स्कॉर्पियो ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को लौरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. दिलीप कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर सूरज कुमार और विक्की कुमार को बेहतर इलाज के लिए बेतिया भेज दिया गया, जबकि संदीप कुमार का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है। घायलों की पहचान मानपुर मकरी (थाना बथवरिया) निवासी संदीप (22), सूरज (21) और विक्की (20) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तीनों युवक किसी काम से बीजबनिया गए थे और लौटते समय हादसा हुआ। वहीं, विक्की की 30 अप्रैल को प्रस्तावित शादी को लेकर परिवार में चिंता का माहौल है।

पुलिसकर्मियों के आपत्तिजनक वीडियो मामले में दो गिरफ्तार

SIWAN : पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा के निर्देश पर सीवान पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को पुलिस कर्मियों से संबंधित एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा तैयार कर प्रसारित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि जांच के क्रम में वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपियों की पहचान कर ली गई, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के अफरोज अली और सरफराज खान के रूप में हुई है। एसपी ने स्पष्ट किया कि इस मामले में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। दोषियों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कड़ी विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुरन कुमार झा ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक या भ्रामक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा या प्रसारित करने से बचें। ऐसी गतिविधियां कानूनन अपराध हैं और इसमें शामिल पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अवैध हथियार के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

SIWAN : पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा के निर्देश पर सीवान पुलिस ने सक्रिय पुलिसिंग के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि 21 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि नगर थाना कांड संख्या 448/26 से संबंधित आरोपी गांधी मैदान के पास देखा गया है। सूचना के आधार पर नगर थाना पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान राम गिरी को एक देशी कट्टा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए एक अन्य आरोपी अजय प्रसाद का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर छापेमारी कर अजय प्रसाद को गिरफ्तार किया और उसके पास से चोरी किया गया कॉपर पाइप बरामद किया। एसपी ने कहा कि इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

विरासत संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी प्राचीन पांडुलिपियां करें साझा : डीएम

कार्यक्रम में उपस्थित डीएम विवेक रंजन मैत्रेय व अन्य

AGENCY SIWAN : ज्ञान भारत मिशन के तहत ऐतिहासिक पांडुलिपियों के संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान के क्रम में जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय शुक्रवार को सदर प्रखंड के धनौती गांव पहुंचे। उन्होंने कबीर पंथ से जुड़े प्राचीन मठ में संरक्षित पांडुलिपियों का अवलोकन किया और लोगों से इस अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर डीएम विवेक रंजन मैत्रेय ने कहा कि हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में आम लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिनके पास 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियां हैं, वे उन्हें ज्ञान भारतम् पोर्टल पर अपलोड करें या जिला प्रशासन को सूचित करें, ताकि उनका वैज्ञानिक संरक्षण और डिजिटलीकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन के तहत देशभर में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है, जिससे यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। धनौती स्थित कबीर मठ के भ्रमण के दौरान आचार्य महंत गुरु प्रसाद गोस्वामी एवं उत्तराधिकारी महंत आमोदशरण गोस्वामी ने बताया कि यह मठ अत्यंत प्राचीन है और संत कबीर दास के शिष्य भगवान गोस्वामी की कर्मस्थली रहा है। यहीं कबीरदास के बीजक का संकलन किया गया था, जिससे इस स्थल का ऐतिहासिक महत्व और बढ़ जाता है।

राजनीति मोदी सरकार पर साजिश रचने का दावा कर रहा विपक्ष

दबाव डालकर नीतीश को हटाने का तेजस्वी ने भाजपा पर लगाया आरोप

पत्रकारों को जानकारी देते तेजस्वी यादव

AGENCY PATNA : बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला। विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद सदन से बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अंदर ही अंदर दबाव डालकर, टॉर्चर करके और बेइज्जत कर के हटाया गया है। उन्होंने कहा, इस बात को कौन नहीं जानता है। बिहार में कोई ओरिजनल भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुख्यमंत्री बना है क्या?

तेजस्वी यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी पहली बार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पार्टी की ओर से सचेतक भी बनाए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि विजय चौधरी पहली बार कांग्रेस से चुनाव लड़े थे, जबकि बिजेंद्र यादव जनता दल से आए हैं। ऐसे में भाजपा के भीतर भी इस नेतृत्व को लेकर असंतोष होना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी भले ही भाजपा के मुख्यमंत्री हों, लेकिन वे संघ के स्वयंसेवक नहीं हैं। तेजस्वी यादव ने सम्राट चौधरी की शैक्षणिक योग्यता और उम्र को लेकर भी तंज कसा।

तेजस्वी ने सवाल उठाते हुए कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि मुख्यमंत्री कितने शिक्षित हैं और उन्होंने कौन-सा कोर्स किया है। उन्होंने कहा कि उनकी डिग्री और उम्र को लेकर भी कई सवाल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सम्राट चौधरी के खिलाफ हत्या समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

तेजस्वी यादव ने बिहार की राजनीतिक अस्थिरता पर भी सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में पांच सरकारें बनीं, जिससे शासन और विकास कार्य प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, इस साल का 40 प्रतिशत समय तो सरकार बनाने और बदलने में ही बर्बाद हो गया, फिर काम कब हुआ?

तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि अगर नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद छोड़ना ही था, तो वे चुनाव के समय ही इसकी घोषणा कर सकते थे।

तेजस्वी ने दावा किया कि चुनाव के दौरान कभी यह संकेत नहीं दिया गया, जबकि विपक्ष लगातार कह रहा था कि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं रहने देगी। तेजस्वी ने निशांत कुमार के बयान का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने भी कहा था कि अमित अंकल ने भरोसा दिलाया था कि 2030 तक नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री रहेंगे। ऐसे में अचानक हुए बदलाव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

घूरना थाना पुलिस और एसएसबी ने 410 किलो गांजा किया बरामद

